मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-297
01/05/2026

मुख्यमंत्री ने गयाजी के विष्णुपद मंदिर, बोधगया के महाबोधि मंदिर और बोधगया मठ में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

पटना, 01 मई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु की विधिवत् पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात् मुख्यमंत्री ने फल्गू नदी घाट का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और विमर्श किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बोधि वृक्ष की भी पूजा की। पूजा के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रज्ञा पुस्तक का लोकार्पण किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने बोधगया मठ के मुख्य गद्दी परिसर में माता वराही देवी, माता अन्नपूर्णा देवी, शंकराचार्य जी की गद्दी तथा ठाकुरबाड़ी में अवस्थित देवताओं की पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने वहां रखी भगवान बुद्ध की पुरानी मूर्तियों का भी अवलोकन किया।

मंदिर समिति द्वारा मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

सड़क मार्ग से जाने के क्रम में जगह–जगह पर मुख्यमंत्री का भारी संख्या में लोगों ने स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। मुख्यमंत्री को देखने के लिए लोगों में भारी उत्साह था। मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार, विधायक श्री विरेंद्र सिंह, विधायक श्रीमती मनोरमा देवी, विधायक श्रीमती ज्योति देवी, विधायक श्री विक्रम सिंह, विधायक श्री रोमित कुमार, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, वाणिज्य कर विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्रीमती सफीना ए0एन0, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री क्षत्रनील सिंह, गया जिला के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, गया के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार, बी0टी0एम0सी0 की सचिव श्रीमती श्वेता महारथी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******